


# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल


वर्ष 6 | अंक 23 | जुलाई–सितम्बर 2015


### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

पूर्वोत्तर सीमा रेल का लामडिंग मंडल अपने सम्मानित ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर है। गर्मी के मौसम में हो या पूजा के माहौल में यह मंडल यात्रियों को गणतव्य तक समय से व सुरक्षित पहुँचाने के लिए नित्य नई गाड़ियॉं चलाने का प्रयास करता रहा है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर लम्बी दूरी की गाड़ियों में अतिरिक्त सवारी डिब्बे जोड़े जा रहे हैं। मंडल में आमान परिवर्तन का काम युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। लामडिंग–बदरपुर सेक्शन में यात्री गाड़ियॉं जल्द ही चलाई जाएंगी। इसके लिए मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। साथ ही सिलचर–अगरतला सेक्शन में आमान परिवर्तन का काम तेजी से चलाया जा रहा है। मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों में अनाधिकृत अतिक्रमण हटाकर रेलवे की जमीन को विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण के काम में लाया जा रहा है। डीजल शेड/न्यूगुवाहाटी में नए परिवर्तनों के माध्यम से समय एवं मानव शक्ति को बचाने का प्रयास लगातार जारी है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत रेलगाड़ियों, स्टेशनों, कालोनियों तथा परिसरों को साफ–सुथरा व स्वस्थकर बनाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी हमारा मंडल सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इस वर्ष अंतर मंडल रेल फुटबाल टूर्नामेंट के आयोजन का सौभाग्य लामडिंग मंडल को ही प्राप्त हुआ है।

मंडल में राजभाषा हिंदी का प्रयोग–प्रसार दिन–प्रति– दिन बढ़ रहा है इसके लिए समय–समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हिंदी कार्यशालाएं आदि आयोजित किए जाते हैं।

मंडल की तिमाही गतिविधियों की जानकारी राजभाषा हिंदी के माध्यम से रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों तक पहुँचाने में लामडिंग दर्पण सक्रिय भागीदारी निभा रही है। मैं इसके निर्बाध प्रकाशन की कामना करता हूँ।

मंडल रेल प्रबंधक

### अपर मुख्य राभाषा अधिकारी की कलम से

लामडिंग मंडल रेल यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के साथ–साथ अपने कार्मिकों की सुख–सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है। खेलकूद, नृत्य–संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य समारोह व प्रतिस्पर्धाओं से न केवल शारीरिक शक्ति का विकास होता है बल्कि आपसी सौहार्द व भाईचारा को भी बढ़ावा मिलता है। मंडल इस प्रकार के आयोजनों के लिए हमेशा तत्पर है।

मंडल की गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का 23वॉं अंक आपके हाथों में है। इसके माध्यम से मंडल की जुलाई–सितम्बर 2015 की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी आप तक पहुँचाने का भरसक प्रयास किया गया है। पत्रिका को और अधिक आकर्षक तथा रोचक बनाने के आपके सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

### 69 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

विवेकानंद रेलवे स्टेडियम, लामडिंग में 69वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।



मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने का दृश्य।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में रेल सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, स्काउट एवं गाईड और एनसीसी के केडेटों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार द्वारा परेड की सलामी लेने का दृश्य।

### हिल सेक्शन में महाप्रबंधक का निरीक्षण

श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक ने मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों, निर्माण संगठन के अधिकारियों और मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग सहित डिवीजन के शाखा अधिकारियों के साथ 19 अगस्त 2015 को न्यू हाफलंग–बदरपुर–सिलचर के नव परिवर्तित सेक्शन का निरीक्षण किया। यात्री ट्रेन के संचालन के साथ जुड़े जोखिम भरे कमजोर स्थानों की कमियों को दूर करने के लिए उन्होंने यह निरीक्षण किया।

## प्रबंधन विकास कार्यक्रम

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक कार्यालय, मालीगॉव के समन्वय से 26 अगस्त 2015 से 28 अगस्त 2015 तक रेलवे इंस्टीट्यूट, लामडिंग में प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग, श्री नीरज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। रेल की कार्य–प्रणाली के विभिन्न प्रबंधकीय पहलुओं से संबंधित विषयों पर मुख्यालय और मंडल के अधिकारियों ने व्याख्यान दिए । इस कार्यक्रम में मंडल के विभिन्न विभागों के कुल 49 प्रवर अधीनस्थों ने भाग लिया।

## अनाधिकृत अतिक्रमण

मंडल में अनाधिकृत अतिक्रमण को हटाना एक बड़ी चुनौती है। इस अवधि में करीमगंज, लामडिंग, सिलचर और लंका में अति संवेदनशील और अत्यधिक जटिल स्थानों पर लगभग 44067 वर्ग मीटर क्षेत्र के 871 हार्ड किस्म के अतिक्रमण को हटाया गया। इस प्रकार संचयी प्रगति 977 और क्षेत्रफल लगभग 71827 वर्ग मीटर प्राप्त की गई।




लंका स्टेशन में अनाधिकृत अतिक्रमण हटाए जाने का दृश्य।

## आमान परिवर्तन कार्य के लिए बदरपुर–कुमारघाट–अगरतला सेक्शन को निर्माण संगठन को सुपुर्द करना

28 सितम्बर 2015 को कलकलीघाट–अगरतला सेक्शन और 30 सितम्बर 2015 को बदरपुर–कलकलीघाट सेक्शन को आमान परिवर्तन के लिए निर्माण संगठन को समय से पूर्व सौंप दिया गया। आमान परिवर्तन कार्य के लिए 01 अक्टूबर 2015 से छह महीने की अवधि के लिए मुख्यालय कार्यालय द्वारा मेगा ब्लॉक लेने की अनुमति प्रदान की गई है।

## विशेष पेंशन अदालत

मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग के कार्यालय के सभाकक्ष में 09 जुलाई 2015 को विशेष पेंशन अदालत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 61 मामलों में से 57 मामलों को अंतिम रूप दे दिया गया और 4 मामले लंबित हैं।

## गुवाहाटी स्टेशन पर बाल सहायता केंद्र की स्थापना

दिनांक 03.07.2015 को 09.30 बजे गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर वीआईपी लाउंज में भारतीय बाल कल्याण परिषद के महासचिव के साथ एक बैठक आयोजित की गई। मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक और गुवाहाटी–मालीगॉव क्षेत्र के सभी शाखा अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

## इंटर डिवीजनल फुटबॉल टूर्नामेंट

28 सितम्बर 2015 से 1 अक्टूबर 2015 तक मंडल में इंटर डिवीजनल फुटबॉल टूर्नामेंट–2015 का आयोजन किया गया। पूर्वोत्तर सीमा रेल के विभिन्न मंडलों, फील्ड इकाईयों और कारखानों से आठ टीमों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया।



इंटर डिवीजनल फुटबॉल टूर्नामेंट 2015 में लामडिंग मंडल के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री संजय नैय्यर।

## रेल सुरक्षा बल स्थापना दिवस

रेलवे सुरक्षा बल रेलवे संपत्ति के बेहतर संरक्षण और सुरक्षा के लिए 29 अगस्त 1957 को वैधानिक फोर्स के रूप में अस्तित्व में आया। तब से 29 अगस्त को रेल सुरक्षा बल स्थापना दिवस तथा 29 अगस्त से 4 सितम्बर तक रेलवे सुरक्षा बल स्थापना सप्ताह के रुप में मनाया जाता है।



रेल सुरक्षा बल के जवानों की सलामी लेते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार साथ में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त।

लामडिंग मंडल में भी 29 अगस्त को रेल सुरक्षा बल स्थापना दिवस तथा 29 अगस्त से 4 सितम्बर तक रेलवे सुरक्षा बल स्थापना सप्ताह बड़े धूम–धाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री नीरज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में परेड की सलामी ली। सप्ताह के दौरान मंडल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें यात्रियों को नशीले पदार्थ खिलाने, चोरी आदि से संबंधित जागरूकता पेम्पलेट बांटना, चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर का आयोजन आदि प्रमुख थे। सप्ताह के दौरान मंडल के रेल सुरक्षा बल की अन्य चौकी, यथा– न्यूगुवाहाटी, डिमापुर, बदरपुर, अगरतला आदि स्थानों पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## प्रणाली में सुधार/नवीनीकरण

### ट्रक रन आउट मोबाइल प्रणाली

पूर्व में इंजनों के ट्रकों को मैन्युअल रूप से हटाया जाता था जिसमें बहुत श्रम–शक्ति और समय की आवश्यकता होती थी। ट्रक रन आउट मोबाइल ट्राली के इस नई खोज से पिछली व्यवस्था में जहॉं छह लोगों की आवश्यक होती थी, वहॉं केवल एक आदमी के द्वारा कार्य संचालित किया जा सकता है। परिणाम–स्वरूप मानव शक्ति की बचत के अलावा जोखिम कारकों का पर्याप्त उन्मूलन भी हुआ है।

इंजनों में इस्तेमाल बैटरी एक ट्राली पर रखी जाती हैं। सभी बैटरी एक नाईफ स्विच के साथ जुड़े हुए होते हैं। यह लोको ट्रक ट्राली के किसी एक कर्षण मोटर्स के साथ जोड़कर अंडर ट्रक को बाहर निकालने के लिए प्रयोग किया जाता है।



नाईफ स्विच के साथ जुड़े हुए ट्राली पर रखी गई बैटरियों का दृश्य।

### स्टीक किस्म के मास्टर कंट्रोलर में सुरक्षा गार्ड

**पृष्ठभूमि :** पहले स्टीक किस्म के मास्टर कंट्रोलर के फिंगर अंतपार्शन कनेक्शन टर्मिनल प्वाइंट में सुरक्षा गार्ड नहीं हुआ करता था।

**उद्देश्य :** स्टीक हैण्डील संचलन क्षेत्र में रिक्त स्थान रहने की वजह से इसमें ऊपर से इतर वस्तु जैसे– क्वाइन, आदि गिर जाते थे। डीजल लोको शेड, न्यू गुवाहाटी में इस प्रकार के लाइन विफलताओं के 02 मामले सामने आए थे। इतर वस्तुएं कभी–कभी अंतपार्शन फिंगर के अंदर फंस जाती हैं जिससे मास्टर कंट्रोलर सही ढंग से काम नहीं कर पाता है।

**परिवर्तन :** स्टीक किस्म के मास्टर कंट्रोलर के ओवर हाउलिंग के दौरान एक नोमेक्स इन्सुलेटिंग सीट को टर्मिनल कनेक्शन क्षेत्र की शीर्ष कवर के तहत सतह पर लगाई गई है। ताकि कोई इतर वस्तु फिंगर अंतपार्शन के अंदर और सामान्यत शीर्ष कवर के नोमेक्स इन्सुलेट सीट की सतह के ऊपर न गिरे ।

**आवश्यक सामग्री :** नोमेक्स् शीट।

**एजेंसी और कार्यान्वयन की अनुसूची :** बिना कोई बाहरी मदद के इस भारी घटक की मरम्मत विद्युत सेक्शन के द्वारा किया गया है ।



स्टीक किस्म के मास्टर कंट्रोलर में सुरक्षा गार्ड लगाए जाने का दृश्य।

प्रांतीय ईर्ष्या–द्वेष दूर करने में जितनी सहायता हिंदी प्रचार से मिलेगी उतनी दूसरी चीज से नहीं।
— सुभाष चंद्र बोस



## मंडल का अर्जन

**यात्री अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जुलाई–सितम्बर 2015 के दौरान यात्रियों की कुल संख्या 5295459 हो गई है, फलस्वरूप गत वर्ष के ₹ 121.99 करोड़ की तुलना में ₹130.55 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 8.56 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**माल अर्जन :** मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। जुलाई–सितम्बर 2015 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 32.92 करोड़ की प्राप्ति हुई। यह राशि पिछले वर्ष की समान अवधि की प्राप्ति से ₹ 3.86 करोड़ अधिक है।

**अन्य कोचिंग अर्जन :** गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 18.53 करोड़ की तुलना में जुलाई–सितम्बर 2015 में ₹ 19.02 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार अन्य कोचिंग अर्जन में कुल ₹ 0.49 करोड़ की वृद्धि हुई।

**अन्य विविध अर्जनः** जुलाई–सितम्बर 2015 में इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध अर्जन में कुल ₹ 2.23 करोड़ की प्राप्ति हुई।

## कार्मिक कल्याण

मंडल में जुलाई–सितम्बर 2015 की अवधि में अनुकंपा के आधार पर समूह 'घ' में 27, समूह 'ग' में 02 तथा खेलकूद कोटा के अधीन 01 उम्मीदवार को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।

इस अवधि में अधिवर्षिता के आधार पर 77 तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के 03 मामलों का निपटान किया गया।




मंडल मुख्यालय के सभाकक्ष में आयाजित अंतिम निपटारा बैठक का दृश्य।

## सद्भावना दिवस

देश प्रेम और भाईचारा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 20 अगस्त 2015 को मंडल कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस के रूप में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग द्वारा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया। मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे हिंसा का सहारा लिए बिना आपसी सूझ–बूझ के द्वारा संवैधानिक तरीके से सभी भेदभाव को मिटाने का प्रयास करेंगे।

## राजभाषा की गतिविधियाँ

### हिंदी दिवस का पालन

मंडल मुख्यालय में 14 सितम्बर 2015 को हिंदी दिवस का पालन बड़े धूम–धाम से किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, श्री आर.बी.राइ ने हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय रेल मंत्री के हिंदी दिवस संदेश के माध्यम से कार्यालयों में राजभाषा के कामकाज में और अधिक वृद्धि लाने का संदेश दिया।



हिंदी दिवस के अवसर पर केन्द्रीय रेल मंत्री के हिंदी दिवस संदेश का पाठ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी।

### अधिकारियों के लिए राजभाषा शब्दावली प्रतियोगिता

मंडल में राजभाषा के प्रयोग–प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12 अगस्त 2015 को मंडल मुख्यालय में अधिकारियों के लिए एक राजभाषा शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा पॉच सांत्वना पुरस्कार सहित कुल आठ अधिकारियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।



अधिकारियों के लिए आयोजित शब्दावली प्रतियोगिता का दृश्य (बॉएं) तथा विजेता अधिकारी मंडल रेल प्रबंधक, को पुरस्कार प्रदान करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री संजय नैय्यर (दाएं)।

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

दिनांक 29.09.2015 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष महोदय ने विभागों/कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग–प्रसार को बढ़ाने के संबंध में महत्वपूर्ण निदेश दिए।



मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की बैठक का दृश्य।

## राजभाषा सांस्कृतिक समारोह का आयोजन

30 सितम्बर 2015 को मंडल मुख्यालय के रेलवे इंस्टीच्यूट/लामडिंग में एक रंगा–रंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिजन भी शामिल हुए।




सांस्कृतिक समारोह को संबोधित करते हुए श्री संजय नैय्यर, अपर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग

कार्यक्रम में मंगल गान, सांस्कृतिक समूह नृत्य, सांस्कृतिक एकल नृत्य, देशभक्ति समूह नृत्य तथा देशभक्ति एकल नृत्य प्रस्तुत किए गए। दर्शकों ने इसका भरपूर आनंद उठाया।



मंडल के रेलवे इंस्टीच्यूट में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति का दृश्य।

कार्यक्रम के अंत में अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक एवं प्रशंसनीय प्रयोग करने वाले कुल 10 कर्मचारियों को नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण–पत्र प्रदान किए।



सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाने का दृश्य।

समारोह के दौरान मुख्यालय सहित मंडल के छह प्रमुख कार्यालयों /स्टेशनों में आयोजित किए गए हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कुल 18 कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।

संरक्षक
नीरज कुमार
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
संजय नैय्यर
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
एस. कनौजिया
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर.के.कोईरी
राजभाषा अधिकारी